# वार्षिक रिपोर्ट एटीएस 2017



## आतंकवाद से सम्बन्धित गिरफ्तारियाँ

## ISIS (अभियुक्त की मुठभेड में मृत्यु-1 एवं गिर0-7)

1. ISIS के कानपुर मॉडयूल से सम्बन्धित अभियुक्तों द्वारा मध्य प्रदेश के भोपाल में उज्जैन पैसेन्जर में 7 मार्च 2017 को किये गये विस्फोट से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं उक्त गैंग के अन्य सदस्यों के लखनऊ के काकोरी थानार्न्तगत हाजी कालोनी में होने की सूचना पर गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान आतंकवादी सैफुल्ला की मुठभेड में मृत्यु।
2. ISIS के कानपुर एवं बिजनौर मॉडयूल से सम्बन्धित सात आतंकवादियों की गिरफ्तारी की गयी जिनमें कानपुर मॉडयूल से सम्बन्धित मो0 फैसल खाँ तथा मो0 अजहर निवासीगण- कानपुर तथा बिजनौर मॉडयूल से सम्बन्धित मो0 मुफ्ती उर्फ फैजान, मुजम्मिल उर्फ गाजी बाबा, जकवान उर्फ एहतेशाम तथा उमर उर्फ नाजिम को गिरफ्तार किया गया इसके पश्चात नवम्बर 2017 में मो0 अबू जैद निवासी आजमगढ को मुम्बई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया।

## जासूसों के विरुद्ध कार्यवाही – (गिर0-3)

3 मई 2017 को सेना की गोपनीय सूचनाओं की जासूसी कर ISI को देने एवं जासूसी कराने हेतु पैसा उपलब्ध कराने के आरोप में आफताब पुत्र वाजिद अली निवासी फैजाबाद तथा अल्ताफ कुरैशी एवं जावेद इकबाल नबी वाला को गिरफ्तार किया गया।

## LET से सम्बन्धित (गिर0 -1)

7 जुलाई 2017 को लश्कर-ए-तैय्यबा से सम्बन्धित आतंकवादी सलीम खान नि0 फतेहपुर को मुम्बई से गिरफ्तार किया गया।

## ABT से सम्बन्धित (गिर0-1)

6 अगस्त 2017 को अंसारूल्ला बंग्लादेश से सम्बंधित आतंकी अब्दुल्ला अल-मामून मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया गया।

## बब्बर खालसा / नाभा जेल ब्रेक से सम्बन्धित (गिर0-4)

अगस्त/सितम्बर में बब्बर खालसा/नाभा जेल ब्रेक से सम्बन्धित अभियुक्त बलवन्त सिंह, जसवन्त सिंह उर्फ काला, जितेन्द्र सिंह उर्फ हरप्रीत सिंह टोनी, सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया गया।

## सेना में गलत नाम पता से भर्ती प्रकरण से सम्बन्धित (गिर0-5)

अक्टूबर 2017 में सेना में गलत नाम पते से भर्ती नेपाली युवक विष्णू लाल भट्टाराई तथा भर्ती कराने वाला दलाल चन्द्र बहादुर खत्री निवासीगण- नेपाल तथा फर्जी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने वाले अजय कुमार सिंह, नागेश्वर कुमार मौर्या एवं अवध प्रकाश मौर्या निवासीगण वाराणसी को गिरफ्तार किया गया।

## फर्जी ID एवं दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी गिरोह (गिर0-3)

सितम्बर 2017 में भारत में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी मो. इमरान, मो. फिरदौस तथा मो. फरीदुद्दीन को चारबाग रेलवे स्टेशन लखनऊ से गिरफ्तार किया गया।

## अवैध Sim Box (टेलीफोन एक्सचेंज) – (गिर0-27)

1. माह जनवरी 2017 में अवैध टेलीफोन एक्सचेन्ज चलाकर अन्र्तराष्ट्रीय कॉल कराने वाले गिरोह के 11 अभियुक्तों को लखनऊ, हरदोई, सीतापुर एवं नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।
2. माह अप्रैल 2017 में ATS द्वारा टर्मसेल के सहयोग से अवैध टेलीफोन एक्सचेन्ज चलाकर अन्र्तराष्ट्रीय कॉल कराने वाले 13 अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया।
3. माह नवम्बर 2017 में Sim Box फ्रॉड से सम्बन्धित 3 अभियुक्तों को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ECNR पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह (गिर0-7)

माह मार्च 2017 में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लखनऊ पासपोर्ट कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से सामान्य पासपोर्ट को ECNR ( Emigration check not required) पासपोर्ट में तब्दील कराने के प्रकरण में मो0 मारूफ, मो0 फैसल, मो0 जावेद, अरमान खॉ, मो0 शोएब, तथा कुलविन्दर सिंह नि0गण लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। इसके पश्चात अप्रैल 2017 को सहायक पासपोर्ट अधिकारी सुधाकर रस्तोगी को गिरफ्तार किया गया।

## शस्त्र से सम्बन्धित (गिर0-14)

1. 25 जुलाई 2017 को अवैध दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र बेचने से सम्बन्धित 04 शस्त्र बेचने एवं सहयोग करने से सम्बन्धित चार शस्त्र विक्रेताओं 1- अमरजीत नियोगी 2- विजय खन्ना 3- जैनुल आबदीन एवं 4- राजीव शुक्ला को कानपुर से गिरफ्तार किया गया। तथा इसी प्रकरण वॉछित अभियुक्त उपेन्द्र सिंह पुत्र बिरन्ची सिंह को नवम्बर 2017 में मुंगेर बिहार से गिरफ्तार किया गया।
2. BSF की सीमा चौकी खेताबार कुट्टी के शस्त्रागार से चोरी गई 02 अदद कार्बाइन के साथ BSF के चालक चन्द्रपाल को गिरफ्तार किया गया।
3. मार्च 2017 में कानपुर मॉडयूल से सम्बन्धित आतंकवादियों को शस्त्र उपलब्ध कराने वाले अभियुक्तगण फखरे आलम एवं शैलेन्द्र यादव तथा कारतूस बेचने वाले शस्त्र विक्रेता राघवेन्द्र सिंह चौहान को गिरफ्तार किया गया।
4. 8 जनवरी 2017 को अवैध हथियारों का कारोबार करने वाले गिरोह के सदस्य देवान्श पाल, अनुभव तिवारी, राज तिवारी, शिव श्याम तिवारी एवं विशाल कुमार गौतम को 15 अदद अवैध पिस्टल व 30 मैगजीन के साथ जनपद कुशी नगर से गिरफ्तार किया गया।

## अन्य गिरफ्तारियॉ- (गिर0-12)

1. 03 मार्च 2017 को ATS एवं बिहार STF के संयुक्त कार्यवाही में बिहार से 50 हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी नितेश पुत्र श्याम बाबू सिंह नि0 छपरा बिहार को गिरफ्तार किया गया।
2. 16 फरवरी 2017 को NIA की वॉछित अभियुक्ता बांग्लादेशी फातिमा उर्फ लीची को आगरा से गिरफ्तार किया गया था।
3. अप्रैल 2017 में ATS एवं CI सेल तेलंगाना की संयुक्त कार्यवाही में हैदराबाद से वॉछित अभियुक्त शिव बहादुर सिंह नि0 जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा इसी प्रकरण से सम्बन्धित वॉछित अभियुक्त शैलेश सिंह को जून 2017 में गिरफ्तार किया गया।
4. अगस्त 2017 में उत्तर प्रदेश एवं गुजरात ATS के द्वारा संयुक्त कार्यवाही के दौरान मुम्बई सीरियल ब्लास्ट से सम्बन्धित टाडा आरोपी कदीर अहमद को गिरफ्तार किया गया
5. नवम्बर 2017 में UP ATS द्वारा पश्चिम बंगाल पुलिस का सहयोग करते हुए तृणमूल नेता की हत्या से सम्बन्धित वॉछित 7 अभियुक्तों रतन चौधरी, कृष्णा चौधरी, राजीव चौधरी, आकाश चौधरी, सन्तोष प्रसाद, देवू पाकडे तथा राजीव चौधरी नि0गण पश्चिमबंगाल को गिरफ्तार किया गया।

| आतंकवाद से सम्बन्धित गिरफ्तारियॉ | संगठन/शीर्षक | अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ISIS | 7 |
| 2 | ISI | 3 |
| 3 | LET | 1 |
| 4 | ABT BanglaDesh | 1 |
| 5 | बब्बर खालसा | 5 |
| **अन्य गिरफ्तारियॉ** | | |
| 1 | सेना भर्ती प्रकरण | 5 |
| 2 | अवैध बंग्लादेशी | 3 |
| 3 | अवैध Sim Box | 27 |
| 4 | ECNR पासपोर्ट | 7 |
| 5 | शस्त्र से सम्बन्धित | 14 |
| 6 | पुरस्कार घोषित | 1 |
| 7 | विभिन्न एजेन्सियों से वॉछित | 11 |
| **योग** | | **85** |

## De-Radicalization

वर्ष 2016 के माह नवम्बर से ए0टी0एस0 द्वारा आतंकवादियों की गिरफ्तारी के साथ–साथ ऐसे व्यक्ति जो जेहादी विचारधारा से प्रभावित होकर समाज की मुख्य धारा से भटक गये है, लेकिन उनके विरूद्व पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त नही हुये है। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोडने के लिए De-Radicalization की योजना प्रारम्भ की गयी है इसके लिए उनके परिजन मित्र धर्मगुरूओं के साथ मिलकर ए0टी0एस0 द्वारा परामर्श (Counselling) दी जाती है। इस दिशा मे उ0प्र0 ए0टी0एस0 द्वारा De-Radicalization हेतु अब तक 51 व्यक्तियों को चिंहित कर समाज में पुर्नव्यवस्थापन की कार्यवाही की जा रही है।

## Capacity building

- वर्ष 2017 में ATS की कार्यक्षमता एवं सुदृढीकरण के लिए 7 चार पहिया वाहन, उपलब्ध कराये गये तथा ATS की जनशक्ति 264 से बढाकर 571 की गयी है।
- NSG की तरह राज्य स्तर पर SPOT ( Special Police Operations Team) का गठन किया गया है जो खतरनाक Operations को विशेषज्ञ तरीके से करने में सक्षम होगी, इसमें 694 पद स्वीकृत किये गये हैं।
- ATS के तत्वाधान में संचालित SPOT ट्रेनिंग सेण्टर लखनऊ में BSF, CRPF, CISF, ITBP, तेलंगाना पुलिस तथा पंजाब पुलिस के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के सहयोग से विभिन्न चरणों में SWAT प्रशिक्षण जिसमें PUF(Proximate use of force) & DUF (Distance use of force) का विशेष ध्यान रखते हुए प्रशिक्षित कराया गया।
- साइबर अपराध एवं आधुनिक सर्विलांस आदि के सम्बन्ध में (इन्टरनेट कॉलिंग ,टावर डम्प एनालाईज/सीडीआर)एटीएस के कर्मियों को अन्य इकाईयों एवं एटीएस की एक्सपर्ट शाखा द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

